



**हादसा** | **गौवंश के घायल अवस्था में मिलने से गौ-तस्करी से जुड़ सकते हैं तार, पुलिस जांच में जुटी**

## जाखीवाड़ा के समीप रहस्यमयी हालत में कार जलकर खाक

**नवभारत न्यूज़**
**पिपला नारायणवार 7 जून.** बजाज-राजना मार्ग पर स्थित जाखीवाड़ा गांव के पांधन मार्ग पर रविवार की अलसुबह एक कार संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर खाक हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कार के चारों दरवाजे खुले होने और आसपास किसी व्यक्ति के मौजूद न रहने से मामले ने रहस्यमय मोड़ ले लिया है। वहीं घटनास्थल से कुछ दूरी पर एक घायल गाय के मिलने के बाद ग्रामीणों के बीच गौवंश तस्करी की आशंका को लेकर चर्चाओं का दौर भी शुरू हो गया है।



**ग्रामीणों ने दी पुलिस को सूचना** : प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने सड़क किनारे एक कार को आग की लपटों में घिरा देखा। वाहन पूरी तरह जल रहा था और उसके आसपास कोई व्यक्ति दिखाई नहीं दे रहा था। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही पिपला पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

**घायल गाय मिलने से तस्करी की शंका** : जाखीवाड़ा के समीप जिस खेत में कार जल रही थी, उसी परिसर में एक गाय घायल अवस्था में मिली, जो लंगड़ाते हुए दिखाई दे रही थी। इससे यह संभावना जताई जा रही है कि कार की गाय से टक्कर हुई होगी। वहीं ग्रामीणों के बीच यह भी चर्चा है कि वाहन का उपयोग गौवंश के अवैध परिवहन में किया जा रहा था। हालांकि, पुलिस ने इन चर्चाओं की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

### वाहन मालिक की तलाश जारी

लोधीखेड़ा टीआई ए.बी. मर्सकोले ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जली हुई कार का निरीक्षण किया। वाहन की पहचान, उसके मालिक का पता लगाने तथा आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। वहीं घटना के समय वाहन में कौन-कौन लोग सवार थे, पुलिस प्रारंभिक जांच कर रही है।

### क्षेत्र में बना चर्चा का विषय

जाखीवाड़ा के समीप हुए हादसे में रहस्यमय परिस्थितियों में कार का जलना, चारों दरवाजों का खुला होना और पास में घायल गाय का मिलना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीण घटना के पीछे किसी बड़े घटनाक्रम की आशंका जता रहे हैं, जबकि पुलिस तथ्यों के आधार पर मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। गौरतलब है कि यह पहली घटना नहीं है जब छोटे वाहनों में गौवंश संदिग्ध परिस्थितियों में मिला हो। इसके पूर्व भी कई बार कार जैसी छोटी गाड़ी में गौवंश पुलिस ने बरामद किए हैं। फिलहाल जाखीवाड़ा की यह घटना कई सवाल छोड़ गई है, जिनके जवाब पुलिस जांच के बाद ही सामने आ सकेंगे।

## रामाकोना मंडल की महत्वपूर्ण मासिक बैठक संपन्न

**भाजपा संगठन की मजबूती और आगामी अभियानों को लेकर जिला संगठन प्रभारी एवं जिला भाजपा अध्यक्ष ने किया मार्गदर्शन**




**नवभारत न्यूज़**
**सौसर 7 जून.** भारतीय जनता पार्टी जिला पांढुर्णा के अंतर्गत सौसर नगर मंडल, लोधीखेड़ा मंडल और रामाकोना मंडल की महत्वपूर्ण मासिक कामकाजी बैठकें आज सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। बैठकों में मुख्य रूप से भाजपा जिला संगठन प्रभारी दीपांकर बैनर्जी और भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया और संगठन की मजबूती के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष**

बैठकों को संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी श्री बैनर्जी एवं जिला अध्यक्ष श्री मोहोड ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के सफल 12 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इस गौरवशाली उपलब्धि को जन-जन तक पहुँचाने के लिए भाजपा पांढुर्णा जिला द्वारा 5 जून (विश्व पर्यावरण दिवस) से 21 जून (अंतरराष्ट्रीय योग दिवस) तक विभिन्न जन-जागरण एवं जन-कल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में आगामी दिनों में आयोजित होने वाले निम्नलिखित कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। एक पेड़ मां के नाम अभियान एवं व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम।समाज के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ प्रबुद्धजन सम्मेलन एवं प्रेस वार्ता। मंडल एवं बूथ स्तर पर स्वच्छता अभियान और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन। विकसित भारत संकल्प सभाएं और युवा संपर्क अभियान के माध्यम से सघन जनसंपर्क। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य योग कार्यक्रमों का आयोजन। नेताओं ने आह्वान किया कि प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ इन कार्यक्रमों को जन-आंदोलन का रूप देकर सफलता पूर्वक संपन्न कराएं।

## 150 करोड़ की लागत से 4-लेन कांक्रीट रोड

**कामठी रोड का बहुप्रतीक्षित कायाकल्प शुरू**

**नागपुर.** सिटी के सबसे व्यस्त और जाम से जूझने वाले ट्रैफिक कॉरिडोर में से एक, कामठी रोड का आखिरकार कायाकल्प होने जा रहा है. संविधान चौक से ऑटोमोटिव चौक तक सीमेंट रोड की लंबे समय से प्रतिक्षित योजना अब क्रियान्वयन के चरण में प्रवेश कर गई है. इस महीने की शुरुआत से ही इस रूट पर खुदाई और जमीनी काम जोरों पर शुरू हो गया है.



**समर्पित साइकिल ट्रैक का भी प्रस्ताव:** लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना का मुख्य उद्देश्य कामठी रोड फ्लाईओवर के नीचे चार लेन की मजबूत सीमेंट कंक्रीट सड़क का निर्माण करना है, जो ऑटोमोटिव स्क्वायर मेट्रो स्टेशन तक जाएगी. इस नए डिजाइन किए गए कॉरिडोर में दोनों तरफ 7.5 मीटर से 9 मीटर तक चौड़े कैरिजवे बनाए जाएंगे. सार्वजनिक निर्माणकार्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस पूरे मार्ग पर साइकिल चालकों के लिए समर्पित साइकिल ट्रैक का भी प्रस्ताव रखा गया है.

**स्ट्राम वॉटर ड्रेनेज सिस्टम**

वर्तमान में सड़क निर्माण का कार्य ऑटोमोटिव चौक के छोर से एलआईसी चौक की दिशा में आगे बढ़ रहा है. प्रस्तावित कंक्रीट सड़क के लिए एक बेहद मजबूत आधार तैयार करने के उद्देश्य से मौजूदा डामर वाली सड़क को सतह से लगभग 1,500 मिमी (डेढ़ मीटर) नीचे तक खोदा जा रहा है. साइट पर मौजूद इंजीनियरों ने स्पष्ट किया है कि इतनी गहरी खुदाई के बावजूद, सड़क की अंतिम ऊंचाई लगभग मौजूदा सड़क के स्तर के बराबर ही रहेगी. बारिश के पानी की निकासी के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं.

## आबकारी की दबिश : 48 पाव देशी मदिरा जब्त, 03 प्रकरण किए दर्ज

**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 7 जून.** आज सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में अवैध शराब संग्रह एवं विक्रय के विरुद्ध प्राप्त शिकायत की जांच हेतु आबकारी वृत्त सौंसर द्वारा कार्रवाई की गई।

आबकारी दल ने वार्ड नंबर 3, 5, 12 में दबिश देकर आरोपी गणेश तवला, शरद टेकाम, सुशीला बाई के कब्जे से 48 पाव देशी मदिरा जप्त की। सभी आरोपियों के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) (क) के तहत 03 प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में वृत्त प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी के.सी. चौहान, आबकारी आरक्षक जितेंद्र सिंह, उत्कर्ष, भावना उपस्थित रहे।



## विधायक ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र, किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने की मांग

**ई-टोकन व्यवस्था पर उठाए सवाल**

**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 7 जून.** सौंसर विधायक विजय चौरे ने सौंसर एवं पांढुर्णा विधानसभा क्षेत्र के किसानों को पर्याप्त रासायनिक खाद उपलब्ध कराने हेतु मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है।

**ई-टोकन व्यवस्था से किसानों को हो रहा संघर्ष**

विधायक कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में विधायक चौरे ने ई-टोकन व्यवस्था से उत्पन्न समस्याओं पर सवाल उठाए हैं। पत्र में उल्लेख किया गया है कि शासन की ई-टोकन प्रणाली से मध्यप्रदेश के किसानों को रासायनिक खाद प्राप्त करने में भारी संघर्ष करना पड़ रहा है।




**पर्याप्त खाद न मिलने से फसल उत्पादन पर संकट**

सौंसर विधानसभा क्षेत्र में कपास, संतरा, मक्का तथा अन्य फसलें ऐसी हैं जिन्हें रासायनिक खाद-उर्वरकों की बहुत आवश्यकता* होती है, परंतु पर्याप्त खाद न मिलने से किसानों के समक्ष फसल की पैदावार का संकट उत्पन्न हो जाएगा।

**प्रति एकड़ दस बैग खाद उपलब्ध कराने की मांग**

श्री चौरे ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि पांढुर्णा जिले के किसानों को प्रति एकड़ दस बैग खाद उपलब्ध कराई जाए। एक माह पूर्व जिला कलेक्टर पांढुर्णा को किसानों द्वारा इस समस्या से अवगत कराया गया था, परंतु कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया। विधायक विजय चौरे ने किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध न होने की स्थिति में किसानों के साथ उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम पंचायत खापास्वामी में वृक्षारोपण

**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत खापा स्वामी सेक्टर-2 में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण विषयक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तृतीय चरण के अंतर्गत संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन जिला कलेक्टर हरेंद्र नारायण के निर्देशन, जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन तथा विकासखंड समन्वयक संजय कुमार के सहयोग से किया गया।



इस अवसर पर शांतिकुंज स्वयं सामाजिक कल्याण एवं विकास समिति, नवांकुर संस्था, पसफुट्न समिति के पदाधिकारी एवं बी.एस.डब्ल्यू. की छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन और हरित वातावरण के महत्व पर विशेष चर्चा की गई।

## जड़ से खत्म करना है ड्रग्स माफिया : देवेन्द्र फडणवीस

**- सीएम फडणवीस ने कहा, 'नो टालरेन्स फार ड्रग्स' अभियान चलता रहेगा**

**नागपुर, निज संवाददाता.** राज्य के बड़े शहरों में काफी बड़े पैमाने पर ड्रग्स जब्ती के संदर्भ में मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि राज्यभर में नो टालरेन्स फार ड्रग्स अभियान चल रहा है. यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी. राज्य में ड्रग्स माफिया को जड़ से खत्म करना है. वे नागपुर में आयोजित खासदार क्रीड़ा महोत्सव के समापन समारोह में भाग लेने आए थे. इस दौरान पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने उक्त जानकारी दी. मानसून के कमजोर होने से किसानों पर संकट आने के संदर्भ में उन्होंने कहा कि अलनीनो मानसून को प्रभावित कर रहा है. औसत बारिश 92 फीसदी भी रहा तो मराठवाड़ा, विदर्भ में किसानों को पानी अड़ाना चाहिए. वहीं जब तक 100 मिमी बारिश न हो बुआई नहीं करने की अपील भी की है ताकि दोबारा बुआई की नौबत न आए.

**महाराष्ट्र को इथेनाल का सर्वाधिक लाभ**

पेट्रोल की जगह इथेनाल से चलने वाली गाड़ियों के संदर्भ में सीएम ने कहा कि इथेनाल का फायदा सर्वाधिक महाराष्ट्र को होने वाला है क्योंकि यहीं सबसे अधिक उत्पादन होता है. केन्द्र सरकार ने 100 फीसदी इथेनाल पर चलने वाले वाहनों को मंजूरी दी है.

इससे किसानों को लाभ होगा. पेट्रोल-डीजल व गैस के दामों में बढ़ोतरी को लेकर राकां प्रमुख शरद पवार के वक्तव्य पर सीएम ने कहा कि सभी को मालूम है कि वैश्विक युद्ध के कारण पूरी दुनिया के सभी देशों में ईंधन का भाव बढ़ा है. केन्द्र सरकार इसकी चिंता कर रही है. भारत में ईंधन के दामों को काफी नियंत्रित किया गया है. पहले भी कई बार पेट्रोल-डीजल के दाम कम होते रहे हैं. अगर हालात अनुकूल होते हैं तो दाम कम भी हो सकते हैं.

## कस्तूरी बाई पति अरविंद जायसवाल का निधन

**रामाकोना।** 04 जून कस्तूरी बाई पति अरविंद जायसवाल का शुक्रवार की रात को 72 वर्ष की आयु में बीमारी के चलते निधन हुआ उनका अंतिम संस्कार पवित्र कन्हान नदी में हुआ कस्तूरी बाई उनके पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई प्रीत यात्रा में सभी समुदाय के लोगों की उपस्थिति रही मशान भूमि में 2 मिनट मून रहकर श्रद्धांजलि दी गई बाहर ग्रामों के जयसवाल परिवार बड़ी तादात में उपस्थित रहे कस्तूरी बाई जायसवाल को उनके पुत्र निलेश जायसवाल ने अग्नि दी।



## जुन्नारदेव में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प




**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव।** शनिवार को पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी की एक खूबसूरत तस्वीर जुन्नारदेव के स्थानीय सोमाटेकड़ी टचिंग ग्राउंड में देखने को मिली। भाजपा के 'एक पेड़ मां के नाम' महाअभियान के तहत नगर मंडल मंत्री वार्ड नंबर 8 के पार्षद प्रमोद बंदेवार द्वारा क्षेत्र में व्यापक वृक्षारोपण किया गया।इस अवसर पर पार्षद प्रमोद बंदेवार ने अपनी माता जी के सम्मान में सोमाटेकड़ी टचिंग ग्राउंड परिसर में पौधा लगाकर इस अभियान को स्थानीय स्तर पर एक नए मुकाम पर पहुंचाया। इस मौके पर उन्होंने आम जनता के नाम एक जरूरी संदेश जारी करते हुए कहा, मां हमें जीवन देती है और पेड़ हमारे जीवन को सुरक्षित रखते हैं।

## अब मुंबई में सुलझेगा MSEDCL के बैंक गारंटी विवाद

**हाई कोर्ट का अहम फैसला : नागपुर हाई कोर्ट से स्थानांतरित मामला**



**नागपुर.** हाई कोर्ट ने अधिकार क्षेत्र को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि निविदा और अनुबंध की शर्तों में यदि किसी विशेष स्थान के न्यायालय का उल्लेख है, तो विवादों की सुनवाई वहीं होगी. इस फैसले के साथ ही अदालत ने महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बनाम रामकृष्ण इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के मामले में नागपुर की दीवानी अदालत में दायर मुकदमों को वापस करने का आदेश दिया है, ताकि उन्हें मुंबई के सक्षम न्यायालय में पेश किया जा सके. यह विवाद याचिकाकर्ता एमएसईडीसीएल और रामकृष्ण इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड तथा पंजाब नेशनल बैंक (प्रतिवादी) के बीच बैंक गारंटी को भुनाने को लेकर है. रामकृष्ण इलेक्ट्रिकल्स ने एमएसईडीसीएल द्वारा बैंक गारंटी भुनाने और भविष्य की निविदाओं में भाग लेने से रोकने वाले संचार को चुनौती देते हुए नागपुर के सीनियर सिविल जज की अदालत में दीवानी मुकदमे दायर किए थे.


**निचली अदालत ने खारिज की थी याचिका**

एमएसईडीसीएल ने नागरिक प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) के आदेश VII नियम 10 के तहत एक आवेदन दायर कर अदालत से कहा था कि इन मुकदमों को वापस कर दिया जाए क्योंकि अनुबंध की शर्तों के अनुसार इस मामले की सुनवाई का अधिकार केवल मुंबई की अदालतों को है.

## मोहगांव थाना अंतर्गत ग्राम कारली में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवभारत न्यूज़**
**मोहगांव 7 जून.** थाना अंतर्गत ग्राम कारली में 22 वर्षीय युवक ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या की.घटना आज दोपहर की है।मोहगांव पुलिस ने मार्ग कायम कर जांच में लिया।

मोहगांव थाना प्रभारी से मिली जानकारी के मुताबिक बबलू चचाने ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौका स्थल पर पहुंचकर पंचनामा तैयार कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। बहरहाल युवक ने किस परिस्थिति में आत्महत्या की अभी तक स्पष्ट नहीं हुवा है।बहरहाल पुलिस जांच में जुटी है।



## नागपुर खेलों की राजधानी बनने की ओर :सीएम

**नागपुर, खेल प्रतिनिधि.** नागपुर में स्पोर्ट्स सेक्टर में बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाएं बनाई जा रही हैं. इन सुविधाओं से क्रीड़ा क्षेत्र में योग्य मनुष्यबल तैयार होगा और युवा पीढ़ी को उचित दिशा मिलेगी. खेल की संस्कृति युवा में स्पर्धात्मक सोच और अनुशासन विकसित करती है. यह बातें मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कही. वे सुरेश भट्ट सभागृह में आयोजित खासदार क्रीड़ा महोत्सव के समापन अवसर पर बोल रहे थे. उन्होंने कहा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के गाइडेंस में हर साल होने वाले इस महोत्सव को लगातार रिस्पॉन्स मिल रहा है. स्पोर्ट्स एक ऐसा कल्चर है जो युवा पीढ़ी को सही दिशा में ले जा सकता है. उन्होंने खेल से प्रतिस्पर्धात्मक माहौल भी बनने की बात कही. मुख्यमंत्री ने कहा कि स्पोर्ट्स कल्चर को और बढ़ावा देने के लिए देश का सबसे मॉडर्न स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मानकापुर में बनाया जा रहा है जिससे नागपुर खेल की राजधानी बनने की ओर अग्रसर है. समापन अवसर पर विधायक कृष्णा खोपड़े, प्रवीण दटके, संजय भेंडे, अरुण लखानी, मेयर नीता ठाकरे, खासदार क्रीड़ा महोत्सव की आर्गनाइजिंग कमेटी के अध्यक्ष संदीप जोशी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे.



**आने वाला महोत्सव विदर्भ लेवल पर - केंद्रीय मंत्री**

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि आने वाला खासदार क्रीड़ा महोत्सव विदर्भ स्तर पर आयोजित किया जाएगा.

## घर में लगाई सेंध, कार भी चोरी की

**नागपुर.** हुड़केश्वर थानांतर्गत गोन्हीसिम परिसर में चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई. अज्ञात आरोपी ने ताला तोड़कर घर में सेंध लगाई. सीसीटीवी कैमरा तोड़कर घर से सोने का सिक्का और आंगन में खड़ी कार भी चोरी कर ली. पुलिस ने जयहिंदनगर निवासी मेघराज नारायण रोडगे (50) की शिकायत पर मामला दर्ज किया है. मेघराज काटोल के एक संस्थान में काम करते हैं. उनकी पत्नी वर्धा में शिक्षिका है. दोनों शनिवार और रविवार को अपने घर आते हैं. उन्होंने सुरक्षा के लिए घर में सीसीटीवी कैमरे भी लगा रखे हैं, जिसका एक्सेस मेघराज के मोबाइल पर है. शनिवार देर रात उन्हें अज्ञात आरोपी घर का ताला तोड़कर भीतर जाता दिखाई दिया. उसने सबसे पहले सीसीटीवी कैमरा तोड़ दिया. इसके बाद मेघराज को कुछ दिखाई नहीं दिया. रविवार की सुबह उन्होंने घर पहुंचकर जांच की तो आरोपी ने दरवाजे का ताला और कुंडी तोड़कर भीतर प्रवेश किया था. अलमारी में रखे 2,000 रुपये नकद और सोने का सिक्का चोरी किया. आंगन में खड़ी मेघराज की कार क्र. एम.एच.49-वी.क्यू.2279 की चाबी भी चोर के हाथ लग गई. आरोपी उनकी कार चोरी करके फरार हो गया. घटना की जानकारी पुलिस को दी गई. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच आरंभ की है. परिसर में लगे अन्य कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है.



**फैसला** | **FIR दर्ज करने के आदेश पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक**

## तहसीलदारों और सरकारी अधिकारियों को राहत

**नागपुर.** प्रथम श्रेणी न्याय दंडाधिकारी (जेएमएफसी), चंद्रपुर कोर्ट ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 175 (3) के तहत दायर एक शिकायत पर संज्ञान लेते हुए कई लोगों और सरकारी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था. इस आदेश में अधिकारियों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 61(2), 199, 316(5), 318(4) के साथ धारा 3(5) के तहत अपराध दर्ज करने को कहा गया था. जिसके खिलाफ गडचिरौली में पदस्थ तहसीलदार अविनाश शेंबटवाड़ और राजगुरुनगर (पुणे) में पदस्थ एक अन्य तहसीलदार ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया. जिस पर सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए तहसीलदारों और अन्य सरकारी अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करने के निचली अदालत के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है. हाई कोर्ट ने मामले की तत्काल सुनवाई करते हुए अधिकारियों को यह बड़ी राहत प्रदान की.



**अधिकारियों के खिलाफ अस्पष्ट आरोप**

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील एम. अनिल कुमार ने अदालत को बताया कि शिकायतकर्ता ने सरकारी अधिकारियों के खिलाफ बेहद अस्पष्ट आरोप लगाए हैं. उन्होंने अदालत का ध्यान इस ओर दिलाया कि निचली अदालत ने खुद अपने आदेश में यह स्वीकार किया था कि शिकायतकर्ता यह बताने में विफल रहा है कि अधिकारियों द्वारा किस प्रकार के फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए, इसके बावजूद सीधे एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दे दिए गए. अधिवक्ता ने यह भी तर्क दिया कि इस मामले में न तो क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र बनता है और न ही सरकारी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए आवश्यक पूर्व-मंजूरी ली गई है.

## 11 दिनों बाद भी नाबालिक का नहीं लगा सुराग

**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत डुंगरिया चौकी के ग्राम खापास्वामी से विगत 27 मई को 17 वर्षीय नाबालिक किशोरी के लापता होने का मामला प्रकाश में आया था, जिसके बाद परिजनों ने एक युवक पर अपहरण का अंदेशा व्यक्त किया था।

बीते 11 दिनों से पुलिस इस मामले में आरोपी की तलाश जोरों से कर रही है रविवार 7 जून को थाना परिसर में नाबालिक किशोरी के परिजन हाथों में पेट्रोल लेकर पहुंच गए इसके बाद मामला गंभीर हो गया पुलिस थाने में हाथों में पेट्रोल लेकर परिजनों ने आत्मदाह की धमकी दी, जिसके बाद पूरा पुलिस प्रशासन हिल गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक अजय पांडे के निर्देशन पर जिले के अलग-अलग स्थान से पुलिस बल बुलाया गया है और मामले की उचित जांच कर आरोपी को शीघ्र पकड़ने की कवायद की जा रही है। वहीं इस पूरे मामले में परिजनों ने आरोप लगाया है कि पुलिस द्वारा मामले में गंभीरता से कार्यवाही नहीं की जा रही है बीते 11 दिनों से मामले को गंभीरता से न लेते हुए कार्रवाई में देरी की जा रही है। जुन्नारदेव थाना प्रभारी जे मसराम जानकारी देते हुए बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी साहब के निर्देशन में जिले के अलग-अलग थाने के बल को जुन्नारदेव थाने में बुलाया गया है।

